**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संं0- 220 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024-25/03-परीक्षा/2024**

लखनऊ : दिनांक : 29 दिसम्बर, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-03-परीक्षा/2024, सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/03 के अंतर्गत आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन सहायक लेखाकार के 668 पद (सामान्य चयन), सहायक लेखाकार के 950 पद (विशेष चयन) व लेखा परीक्षक के 209 पद (सामान्य चयन) तथा उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नियंत्रणाधीन सहायक लेखाकार के 01 पद, कुल 1828 पदों के सापेक्ष लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये कुल 3475 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक मा० आयोग के अनुमोदनोपरान्त आवश्यक सूचना दिनांक 17.10.2025 द्वारा आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था, जिसमें अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया गया था कि प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह उक्त 3475 अभ्यर्थियों के अर्हता / अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत सूचना पृथक से प्रकाशित की जायेगी।

अवगत कराना है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अर्हता / अभिलेख परीक्षण के लिए चिन्हित उक्त 3475 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम निम्नानुसार आयोजित किया जाना निर्धारित है-

| क्र.सं. | दिनांक | पाली–1 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) अभ्यर्थियों की संख्या | पाली–2 (अपराह्न 01:30 बजे) अभ्यर्थियों की संख्या | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13.01.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 2 | 14.01.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 3 | 15.01.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 4 | 22.01.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 5 | 23.01.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 6 | 24.01.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 7 | 27.01.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 8 | 28.01.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 9 | 29.01.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 10 | 03.02.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 11 | 04.02.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 12 | 05.02.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 13 | 06.02.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 14 | 07.02.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 15 | 09.02.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 16 | 10.02.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 17 | 11.02.2026 | 100 | 100 | 200 |
| 18 | 12.02.2026 | 75 | अनुपस्थित अभ्यर्थी | 75 |
| कुल योग | | | | 3475 |

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिये गए हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की

वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अर्हता/ अभिलेख परीक्षण से पूर्व उनके समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी विज्ञापित अनिवार्य अर्हता के सापेक्ष समस्त अंकपत्र व प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं उनकी छायाप्रतियों तथा पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटोग्राफ के साथ ही डाउनलोड किये गए अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्रों की मुद्रित प्रतियों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड इत्यादि) की मूलप्रति एवं उनकी स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति अवश्य लेकर उपस्थित हों।

सम्बंधित अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि किसी उचित कारण से यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 12.02.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आयोग कार्यालय में दी जाती है तो सक्षम स्तर से अनुमति के उपरांत उसे दिनांक 12.02.2026 की द्वितीय पाली (अपराह्न 01.30 बजे) में अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

29/12/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।